# आग के धुएं में दम घुटने से युवक की दर्दनाक मौत

## झोटवाड़ा इलाके में निवारू रोड स्थित बाहुबली नगर का मामला

■ मकान में आग का धुंआ भरने से धमाके साथ गेट भी टूटकर गिरा

**जयपुर (कासं)।** झोटवाड़ा थाना इलाके में मकान में अचानक आग लग गई। आग लगने से मकान में धुंआ भर गया। धुएं से दम घुटने से युवक की मौत हो गई। धुआं भरने से धमाके के साथ मकान का दरवाजा टूट गया। इस पर लोगों को घटना का पता चला। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग का प्राथमिक कारण शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है।

पुलिस ने बताया कि हादसे में बाहुबली नगर निवारू रोड निवासी मुकेश (33) की मौत हो गई। युवक अपने पिता रविंद्र (65) और भाई पवन (35) के साथ रहता था। गुरुवार शाम को पिता और भाई काम से सालासर गए थे। घर पर वह अकेला था। रात करीब 2:30 बजे मुकेश ने भाई पवन को कॉल कर डिग्गी कल्याण जी जाने को कहा था। देर रात मुकेश ऊपर रसोई में रखा गैस सिलेंडर नीचे कमरे में उतारकर लाया था। रात करीब 3:30 बजे घर में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। आग से घर में रखा सामान जलने लगा। घर में धुआं भर गया। बचने की कोशिश में मुकेश के हाथ झुलस गए। फिर दम घुटने से बेहोश होकर मुकेश जमीन पर गिर गया। हर तरफ से बंद घर में धुआं भरने से दबाव बन गया। इससे धमाके के साथ गेट टूट गया। धमाके की आवाज सुनकर पड़ोसियों में दहशत फैल गई। घरों से बाहर निकलने पर पड़ोसियों को आग लगने का पता चला। लोगों की सूचना पर पुलिस और फायर बिग्रेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। घर के अंदर जमीन पर बेहोशी मिले मुकेश को कांवटिया हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने बताया कि पुलिस जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगना सामने आया है। मुकेश के किचन में रखे सिलेंडर को नीचे कमरे में लाने के पीछे का कारण पता नहीं चल सका है। कयास लगाए जा रहे हैं कि मुकेश ने घर में खुद आग लगाई है। परिजनों से पूछताछ में सामने आया है कि मुकेश मानसिक रूप से बीमार है। पिछले 15 साल से दवाइयां चल रही है। 4 जून को उसकी मां की मौत होने के बाद वह डिप्रेशन में था। मां ही उसका ध्यान रखती थी।

मुकेश के पिता रविंद्र सचिवालय से रिटायर्ड है। मां भी सरकारी टीचर के पद से रिटायर्ड हुई थी। काफी सालों से मां-बेटे यहां रह रहे थे और रविंद्र बच्चों को सांगानेर में रहते थे। करीब 1 साल से पहले ही पत्नी की तबीयत खराब रहने पर रविंद्र यहां आकर रहने लगे थे। 4 जून को मां की मौत के बाद से मुकेश ज्यादा डिप्रेशन में चला गया। मुकेश के बड़े भाई पवन की भी पत्नी से अनबन थी। इसलिए पत्नी छोड़कर पीहर गई हुई थी।

## कार चुराने वाले दो बदमाश दबोचे

**जयपुर।** विद्याधर नगर थाना पुलिस ने कार चुराने वाले दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कार बरामद कर ली। आरोपी रैकी कर विद्याधर नगर क्षेत्र में पार्किंग में खड़ी कार को चोरी करके ले गए थे। पुलिस टीम ने 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपी मौज मस्ती और शौक को पूरा करने के लिए वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस ने बताया कि गिरप्तार आरोपी रामप्रसाद मीणा जयलालपुरा बोली सवाईमाधोपुर और मनीष सोलंकी डीडवाना नागौर हाल वाटिका रोड सांगानेर का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालने के बाद आरोपियों को चिन्हित कर उन्हें पकड़ा। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह वाहन चुराने से पहले रैकी करते थे। रैकी करने के बाद वारदात को अंजाम देते थे। कार बाइक चुराने के बाद वह उससे सस्ते दामों में बेच देते थे। आरोपी मौज मस्ती और शौक को पूरा करने के लिए वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि वाहन चुराने के बाद वह किन लोगों को बेचा करते थे। पुलिस अन्य वारदातों के खुलासे के लिए पूछताछ कर रही है।

# 2543 पदों की अंतरिम वरीयता सूची जारी

## 'मिशन मोड पर पूरी की जा रही हैं अटकी हुई भर्तियां'

■ कई बाधाओं के बावजूद फार्मासिस्ट भर्ती को अंजाम दिया विभाग ने

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने मिशन मोड में प्रयास कर बहुप्रतीक्षित फार्मासिस्ट भर्ती में 2543 अभ्यर्थियों की अंतरिम वरीयता सूची शुक्रवार को जारी कर दी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंजूरी के बाद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में विभाग लंबे समय से अटकी हुई भर्तियों को जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास कर रहा है। इससे युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध हो रहे हैं।

अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि प्रदेश में करीब 10 साल पहले फार्मासिस्ट भर्ती हुई थी। इसके बाद वर्ष 2023 में विज्ञापित फार्मासिस्ट भर्ती को विभिन्न कानूनी पेचीदगियों, एफआईआर, चुनावी आचार संहिता, अंकतालिकाओं का सत्यापन, संसाधनों की सीमितता के चलते पूरी करना बेहद चुनौतीपूर्ण था, लेकिन चिकित्सा विभाग ने इस काम को मिशन मोड में पूरा करने का प्रयास किया।

सिंह ने बताया कि इस भर्ती में सबसे बड़ी बाधा अंकतालिकाओं की वैधता की जांच करवाना था। इसके लिए विभाग ने 25 टीमों का गठन किया। इन टीमों ने दूसरे राज्यों में जाकर करीब 4 हजार अभ्यर्थियों की अंकतालिकाओं का सत्यापन किया।

इसके साथ ही न्यायालय में इस भर्ती को लेकर विचाराधीन प्रकरणों में विभाग ने पुरजोर पैरवी कर भर्ती की राह खोली। चुनावी आचार संहिता के दौरान शिथिलन प्राप्त कर इस कार्य को गति दी गई। इसी का परिणाम रहा कि रिकॉर्ड समय में फार्मासिस्ट भर्ती की अंतिम वरीयता सूची आज जारी हो सकी है। निदेशक अराजपत्रित राकेश शर्मा ने बताया कि 3067 पदों पर फार्मासिस्ट भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। अंकतालिकाओं के सत्यापन के बाद 2819 अभ्यर्थियों की वरीयता सूची तैयार की गई है। इनमें से 2543 अभ्यर्थियों की अंतरिम वरीयता सूची जारी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि 276 अभ्यर्थियों का परिणाम प्रतीक्षा में रखा गया है। 248 पदों का बैकलॉग रहा है। जिन अभ्यर्थियों परिणाम प्रतीक्षा में रखा गया है, उनके दस्तावेजों की विभागीय स्तर पर जांच उपरांत समयबद्ध रूप से नियमानुसार वरीयता सूची जारी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान के माध्यम से अराजपत्रित संवर्ग के विभिन्न 20 हजार 630 पदों पर भर्ती प्रक्रिया को गति दी गई है। इनमें से नेत्र सहायक, डेंटल टेक्नीशियन, ईसीजी टेक्नीशियन, लैब टेक्नीशियन एवं सहायक रेडियोग्राफर के 3105 अभ्यर्थियों के नियुक्ति आदेश जारी किए जा चुके हैं। साथ ही, फार्मासिस्ट के 2543 पदों के लिए अंतरिम वरीयता सूची आज जारी की जा चुकी है।

## निदेशालय पेंशन विभागीय समिति ने शपथ ली



**जयपुर।** राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ की विभागीय समिति निदेशालय पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण में निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष कल्पित जैन एवं उनकी नवगठित कार्यकारिणी का शुक्रवार को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड़, राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश पारीक, वरिष्ठ कर्मचारी नेता सूरज प्रकाश टाक तथा विशिष्ठ अतिथि निदेशक पेंशन डॉ. देवराज, अतिरिक्त निदेशक मुख्यालय प्रदीप माथुर, अतिरिक्त निदेशक नियम विश्वजीत सिंह पुरावत थे। कार्यक्रम का आयोजन राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र सिंह नरूका, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश सिंह भाटी और हरिनारायण मीणा ने किया। कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीनाक्षी सिंह, चंचल वर्मा, उपाध्यक्ष विकास कुमार, नंदकिशोर, पुनीत पालीवाल, महामंत्री तेज प्रकाश बत्रा, कोषाध्यक्ष सावित्री देवी, मुकेश धायल, संयुक्त महामंत्री दिव्या सिंह, प्रचार मंत्री विकास शर्मा, संगठन मंत्री कुश श्रीवास्तव, शिक्षा एवं सांस्कृतिक मंत्री निधि शर्मा, रेणु सैनी, खेल मंत्री प्रवीण सिंह शेखावत, कार्यालय मंत्री प्रदीप सक्सेना, विधि मंत्री राहुल वर्मा, नरेश कुमार बलाई, सदस्य कार्यकारिणी वैभव सिंह, राजेंद्र महावर, विष्णु कुमावत, योगेंद्र कुमार, कविता मीणा को मनोनीत किया गया है। अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी को निदेशक डॉ. देवराज व अतिरिक्त निदेशक प्रदीप माथुर एवं विश्वजीत सिंह पुरावत में शपथ दिलवाई।

## नगरीय विकास कर समिति की बैठक आयोजित

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर, जयपुर की नगरीय विकास कर समिति की बैठक शुक्रवार को पन्नाधाय सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम ग्रेटर, जयपुर द्वारा नगरीय विकास कर के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। नगरीय विकास कर समिति के चैयरमेन विकास बारेठ की अध्यक्षता में हुई बैठक में समिति के सदस्यों में मोहित कचौलिया, छोटू राम मीणा, नवीन खटीक, छोटा देवी, मोतीलाल मीणा, संजय सिंह, जनार्दन शर्मा उपायुक्त राजस्व (प्रथम), सरिता चौधरी, सचिव, नगरीय विकास कर समिति, अरविन्द सैनी राजस्व अधिकारी, नगरीय विकास कर, राकेश शर्मा, राजस्व निरीक्षक इत्यादि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। चैयरमेन विकास बारेठ ने उपायुक्त राजस्व (प्रथम) से नगरीय विकास कर के संबंध में सामान्य जानकारी ली।

## चोरी के सात वाहनों के साथ दो बदमाश पकड़े

■ एक बदमाश मौके से फरार हुआ, पुलिस आरोपियों पूछताछ कर संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने श्याम नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है और साथ ही उनके पास से चोरी के सात दुपहिया वाहन बरामद किए है। वही एक शातिर वाहन चोर मौके से फरार हो गया। जिसकी पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश मार तलाश कर रही है। साथ ही गिरफ्तार वाहन चोरों से पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त अपराध दिग्गंत आनंद ने बताया कि सीएसटी ने शामिल इलाके में कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले शिव चौधरी और सोनू बंजारा को गिरफ्तार किया है। दोनों ही आरोपी करणी विहार जयपुर के रहने वाले हैं। जिनके पास से चुराए गए सात दुपहिया वाहन जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपियों का एक साथी विष्णु मीणा फिलहाल फरार चल रहा है जिसकी तलाश की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी शिव सिंह चौधरी करणी बिहार थाना इलाके का हिस्ट्रीशीटर है। आरोपी नशा करने का आदी है और शातिर वाहन चोर है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## सार-समाचार

### 'मां और प्रकृति से ही मानव अस्तित्व'




**दिल्ली/जयपुर।** मां और प्रकृति दोनों मनुष्य को सदैव देती ही हैं। इन दोनों से ही मनुष्य का अस्तित्व है। एक पेड़ मां के नाम ऐसा अभियान है जिसमें इन दोनों से एक साथ जुड़ाव महसूस होता है। हिंदू कालेज में अभियान का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य प्रो अंजू श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना की महाविद्यालय इकाई ने इस अभियान से जुड़कर पर्यावरण और प्रकृति के क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य किया है। प्रो श्रीवास्तव ने महाविद्यालय के तपोवन उद्यान में आम का पौधा लगाकर अभियान का शुभरंभ किया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डा पल्लव ने बताया कि महाविद्यालय इकाई प्रत्येक स्वयं सेवक को एक पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित करेगी। आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोगी शिक्षक डा सोनिया कुमारी और डॉ नौशाद अली उपस्थित थे। महाविद्यालय के उद्यान निरीक्षक बड़ेलाल ने महाविद्यालय परिसर में मानसून के दौरान लगाए जा रहे नए पौधों की जानकारी दी। हिंदी साहित्य सभा के छात्र अध्यक्ष आकाश मिश्र और विभाग के पूर्व छात्र अभिनंदन कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना गीत प्रस्तुत किया। अंत में महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी राजेश शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

### साक्षी ने भेंट किया गणेशजी का पोर्टेट



**जयपुर।** प्रतिभाएं जन्मजात होती हैं, इन्हें सिर्फ तराशने की जरूरत है। एक बार मंच मिलने के बाद ये प्रतिभाएं अपने कला कौशल से ना सिर्फ परिवार, समाज और राष्ट्र का नाम रोशन करती हैं, बल्कि नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा भी बनती है। ऐसी ही प्रतिभा की धनी है साक्षी पारीक। बचपन से ही रंगों के साथ खेलने वाली साक्षी पेंटिग में नित नए कीर्तिमान रच रही है। साक्षी ने प्रथम पूज्य श्री नहर के गणेश जी का हूबहू चित्रांकन कर पोर्टेट बनाया है। साक्षी ने गुरुवार को मंदिर महंत पंडित जय शर्मा और युवाचार्य मानव शर्मा को भगवान गणेश जी का पोर्टेट भेंट किया। महंत पंडित जय शर्मा ने पूजन कर पोर्टेट को गणेश जी के चरणों में रखा। इसके बाद युवा चित्रकार साक्षी पारीक को दुपट्टा पहनकर और दूर्वा भेंट की। महंत ने साक्षी की कला की सराहना की और उत्साहवर्धन किया। साक्षी इससे पहले भी कई तरह के पोर्टेट बना चुकी हैं। वर्तमान में साक्षी अपने गुरु गोपाल भारती के निर्देशन में अपनी कला को और निखार रही है।

### गांजे के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर।** पुलिस कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच ने ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ बस्सी में शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से 5 किलो 940 ग्राम गांजा एवं परिवहन के समय काम में ली गई बोलेरो बरामद कर ली। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मनोहर प्रजापत, हनुमान सहायक सैनी और पूरणमल शर्मा बस्सी के रहने वाले है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह भरतपुर के गांव राहर से दीपक सैनी नाम व्यक्ति से 13 हजार रुपए प्रतिकिलो के हिसाब से खरीदकर लाते थे। आरोपियों अवैध मादक पदार्थ गांजा के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने भरतपुर के राहर गांव से दीपक सैनी से गांजा लेना बताया है।

### पदोन्नित के लिए अनुभव में 2 साल की छूट

**जयपुर।** राज्य सरकार ने पदोन्नित के लिए अनुभव में 2 साल की छूट के आदेश जारी कर दिए है। अब प्रदेश के 10 लाख कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा। पदोन्नित के पद अनुभव के कारण रिक्त नहीं रहेंगे। राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ ने लगातार सरकार पर इस संबंध में आदेश जारी करने के लिए दबाव बनाए था। आदेश होने पर संघ के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र सिंह नरूका और एकीकृत महासंघ के अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है।

### 'वर्षा से उत्पन्न समस्याएं खत्म करें'

**जयपुर।** नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने गत दो दिनों से हो रही वर्षा से उत्पन्न समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए जेडीए अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को आगामी दिनों में होने वाली वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए संसाधनों की पर्याप्त व्यवस्था रखने और अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर वर्षाजनित समस्याओं के तुरन्त निस्तारण करने को कहा। मंत्री ने जेडीए को एन.एच.ए.आई., नगर निगम ग्रेटर एवं हैरिटेज जयपुर, राजस्थान आवासन मण्डल एवं रीको से उचित समन्वय रखने को कहा।

## एन.आई.सी. द्वारा तैयार 'ई-साक्ष्य' एप लॉन्च

■ नए क्रिमिनल लॉ के मुताबिक अब प्रदेश में बीएनएसएस के तहत ई-साक्ष्य एप पर दर्ज सबूत क्लाउड पर सुरक्षित रहेंगे

**जयपुर।** देश में गत एक जुलाई से लागू नए आपराधिक कानूनों के तहत डिजिटल साक्ष्यों को एप के माध्यम से संकलित कर उन्हें क्लाउड पर स्टोरेज करने के लिए राजस्थान पुलिस द्वारा नई शुरुआत की गई है। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के द्वारा ई-साक्ष्य एप तैयार किया है, जिसे शुक्रवार को पूरे प्रदेश के लिए लॉँच कर दिया गया है।

यह जानकारी देते हुए पुलिस महानिदेशक, साइबर अपराध एवं एससीआरबी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि नए क्रिमिनल लॉज के तहत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) में किसी भी अपराध से संबंधित एवीडेंस को डिजिटल रूप में संकलित एवं सुरक्षित करने का प्रावधान किया गया है। इस एप को अनुसंधान अधिकारी (आईओ) अपने मोबाइल पर इंस्टॉल करके घटना से संबंधित साक्ष्यों को डिजिटल फॉर्म में रिकॉर्ड कर सकेंगे। सभी प्रकार के सर्च एवं सीजर की वीडियोग्राफी भी इस एप से की जाएगी। वीडियोज की हैस वेल्यू तत्समय ही निकाली जायेगी एवं न्यायालय में पहुंचने तक इसे सुरक्षित रखा जाएगा। वहीं इस एप पर संकलित साक्ष्यों को सीधे क्लाउड पर डाल दिया जाएगा। ऐसे में क्लाउड पर सुरक्षित डिजिटल साक्ष्यों से किसी प्रकार की छेड़खानी नहीं की जा सकेगी और पारदर्शी तरीके से अनुसंधान का मार्ग प्रशस्त होगा। प्रियदर्शी ने बताया कि इस एप को शुक्रवार से पूरे प्रदेश में लागू कर दिया गया है।

इससे पूर्व प्रदेश के अलग-अलग पुलिस जिलों से 4000 ट्रायल वीडियो मंगा कर इस एप का परीक्षण किया गया। सफल परीक्षण के बाद इस एप के पूरे प्रदेश में उपयोग के लिए पुलिस मुख्यालय से निर्देश जारी किए गए हैं। आज के बाद प्रदेश में फील्ड में घटित होने वाली घटनाओं के बारे में साक्ष्यों की रिकॉर्डिंग इस एप के माध्यम से होगी, यह एप पूरी तरह से सुरक्षित है।

## आठ हजार रु.का इनामी बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** मुहाना थाना पुलिस ने नकबजनी, पशु चोरी, लूट, डकैती, मोबाइल चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के ऊपर आठ हजार रुपए का इनाम घोषित था।

थानाप्रभारी मदन कड़वासरा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी दीपू नरैना जयपुर का रहने वाला है। पुलिस ने मुखबिरों से जानकारी जुटाई तो सामने आया कि चाकसू, फुलेरा के बदमाश यह वारदात को अंजाम दे रहे है। जो आपस में रिश्तेदार है। पुलिस ने इस मामले में सोनू, मुकेश, दयाराम मीणा और राहुल को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी कई सालों से जयपुर दौसा जयपुर ग्रामीण इलाको में 100 से ज्यादा चोरी नकबजनी की वारदातों को अंजाम दे चुके है। आरोपी दुकानों के शटर तोड़कर चोरी करते है। इसके साथ वाहनों के टायर खोलकर ले जाते है। पुलिस ने बताया कि आरोपी दीपू के उपर आठ हजार रुपए का इनाम घोषित था।

## जे.डी.ए. ने आमेर में अवैध निर्माण हटाए




-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण ने जोन-10 में दिल्ली रोड पर नई माता मंदिर के सामने आमेर वार्ड नं. 4 व्यास की मोरी खेताका की ढाणी से बिलुनिया की ढाणी तक अतिक्रमणों को हटवाया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन श्री महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-10 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित दिल्ली रोड पर नई माता मंदिर के सामने आमेर वार्ड नं. 4 व्यास की मोरी खेताका की ढाणी से बिलुनिया की ढाणी तक पाये गए अतिक्रमणों को हटाया गया है। उपायुक्त जोन कार्यालय में अतिक्रमण प्रोफार्मा रिपोर्ट प्राप्त कर पूर्व के धारा 72 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाये गये थे। शेष रहे अतिक्रमणों टीनशेड, लेटबाथ, बाउण्ड्रीवाल, चबुतरे, पत्थर, मलबा इत्यादि को सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर शुक्रवार को जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया।

## प्रदेश में गौड ब्राह्मण महासभा 5 लाख पेड़ लगाएगी

**जयपुर।** गौड ब्राह्मण महासभा राजस्थान के युवा प्रदेश अध्यक्ष पंकज पचलंगिया एडवोकेट ने बताया कि गौड ब्राह्मण महासभा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष विजय हरितवाल के द्वारा संपूर्ण राजस्थान में गौड ब्राह्मण महासभा राजस्थान के तत्वाधान में राजस्थान प्रदेश मे 5 लाख वृक्ष लगाने का संकल्प के तहत अभियान की शुरुआत विद्याधर नगर स्थित गौड़ ब्राह्मण महासभा समाज उपयोगी भवन सेक्टर 4 जयपुर में वृक्षारोपण कर की गई।

गौड ब्राह्मण महासभा राजस्थान संपूर्ण राजस्थान में जुलाई माह में 5 लाख से अधिक वृक्ष लगाकर वृक्षारोपण करेंगे। इस उपलक्ष में गौड ब्राह्मण महासभा राजस्थान के युवा प्रदेश अध्यक्ष पंकज पचलंगिया एडवोकेट प्रमुख महामंत्री रामस्वरूप जोशी कार्यालय मंत्री राम मोहन शर्मा हेमचंद शर्मा मुकेश उपाध्याय निलेश तनिष्क रवि शंकर शर्मा कृष्णकांत शर्मा वैध हरिराम शर्मा आदि ने सहयोग दिया।

अभियान का प्रदेश संयोजक युवा प्रदेश अध्यक्ष पंकज पचलंगिया एडवोकेट को बनाया गया।

# मैरिज गार्डनों को बैंक्वट हॉल में तब्दील करने के बाद भी देना होगा लाइसेंस शुल्क : रमेशचंद सैनी

## अगले 15 दिनों में जयपुर शहर में नए आवंटित सभी डेयरी बूथों का निस्तारण करने की तैयारी शुरू

■ उद्यान व पार्कों के बाहर ''आर्गेनिक ग्रीन कियोस्क'' लगाने का प्रस्ताव, ताकि स्वास्थ्यवर्धक जूस और उत्पाद बेचे जाएं : कविराज

■ बैठक में ग्रेटर निगम के सभी जोनों में नए पार्किंग स्थल बनाने पर भी चर्चा

**जयपुर।** ग्रेटर निगम की लाइसेंस समिति की बैठक शुक्रवार को पन्नाधाय सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में समिति द्वारा डेयरी बूथ, मैरिज गार्डन, होटल लाईसेन्स, पान बूथ, सामुदायिक भवन, पार्किंग स्थल एवं अन्य बिन्दुओं के संबंध में चर्चा की गई।

लाईसेन्स समिति चैयरमेन रमेश चन्द्र सैनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में सदस्य कविराज सैठी, राधेश्याम बोहरा, पारस जैन, प्रियंका अग्रवाल, सरिता चौधरी, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी, अरविन्द सैनी सचिव, लाईसेन्स समिति मौजूद रहे।



नगर निगम ग्रेटर जयपुर की लाइसेंस समिति की बैठक शुक्रवार को चेयरमैन रमेशचंद सैनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

लाईसेन्स समिति के चेयरमैन ने सचिव, लाईसेन्स समिति एवं समस्त जोनों को नवीन आवंटित डेयरी बूथों की स्थापना में आ रही समस्याओं को दूर करने, अवैध पानबूथ एवं मैरिज गार्डनों के खिलाफ कार्यवाही करने एवं पूर्व में स्थापित पानबूथ, मैरिज गार्डन, डेयरी बूथों एवं होटल रेस्टोरेन्ट से समय पर राजस्व अर्जन करने तथा राजस्व वृद्धि करने के दिशा-निर्देश प्रदान करने के साथ-साथ ग्रीन कियोस्क की स्थापना का प्रस्ताव भी बैठक में लिया गया।

चेयरमैन रमेश चंद्र सैनी ने बताया कि पूर्व में नगर निगम ग्रेटर द्वारा डेयरी बूथ आवंटित किए गए थे, जिसमेंसे अधिकांश डेयरी बूथ आवंटन पेंडिंग चल रहे हैं। इन्हें अगले 15 दिवस में संपूर्ण निस्तारण कर जीरो पेंडेंसी कर दी जाएगी, इसके अलावा ग्रेटर सीमा में चल रहे पुराने डेयरी बूथों के किराया बकायादारों अंतिम नोटिस जारी कर बकाया राशि वसूली जाएगी, राशि जमा ना करने पर आवंटन रद्द किए जाएंगे।

सैनी ने बताया कि जयपुर ग्रेटर नगर निगम क्षेत्र में मैरिज गार्डन लाइसेंस शुल्क जमा करने से बचने के लिए कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें मैरिज गार्डन मालिकों ने मैरिज गार्डन को कवर्ड बैक्वेट हॉल में तब्दील कर दिया है और बिना लाइसेंस शुल्क दिए बैंक्विट हॉल चला रहे है, अब उन्हें भी विवाह स्थल मानते हुए जयपुर ग्रेटर नगर निगम में चल रहे पृथक बैंक्विट हॉल (होटल के अलावा) से लाइसेंस शुल्क वसूला जाएगा। जयपुर में संचालित हो रहे होटल को भी ट्रेड लाइसेंस लेने को लेकर सख्ती की जाएगी, जयपुर ग्रेटर नगर निगम क्षेत्र में नए पार्किंग जोन बनाये जाने के लिए सभी जोनों में ऐसे स्थान चिन्हित किए जाएंगे जँहा नए पार्किंग स्थल विकसित किये जा सके।

समिति सदस्य कविराज सेठी ने नवाचार का प्रस्ताव रखते हुए कहा कि जयपुर ग्रेटर नगर निगम सीमा क्षेत्र में आने वाले उद्यान एवं पार्कों के बाहर ''ऑर्गेनिक ग्रीन कियोक्स'' नगर निगम द्वारा दिए जा सकते हैं, जिनके माध्यम से शहरवासी आयुर्वेदिक महत्व रखने वाले स्वास्थ्यवर्धक जूस (गिलोय, एलोवेरा, वीटग्रास, आंवला आदि) एवं अन्य स्वास्थ्यवर्धक ताजा उत्पाद (आर्गनिक अंकुरित सलाद) खरीद सकेंगे।